Regarding Chinese strings used for kite flying

श्री गुरजीत सिंह औजला **(**अमृतसर**) :** माननीय सभापति जी, मैं आपका ध्यान एक बहुत ही महत्वपूर्ण समस्या की ओर दिलाना चाहता हूं । चाइना डोर को लोग पतंग उड़ाने के लिए यूज करते हैं । यह डोर चीन से इम्पोर्ट होकर आती है । बसंत पंचमी का त्यौहार पूरे देश में मनाया जाता है । पंजाब में खासकर पतंगबाजी होती है । राहगीर और दुपहिया से जाने वाले लोगों के चाइना डोर से गले कट रहे हैं, इससे बहुत सी मौतें हो चुकी हैं ।

मेरी सरकार से दरखास्त है जो लोग चाइना डोर इम्पोर्ट करते हैं, कुछ लोग यहां भी बना रहे हैं और जो लोग बेचते हैं उन पर दफा 302 का केस दर्ज होना चाहिए । मेरा अनुरोध है कि सरकार यह कानून लेकर आए ।